# सैकड़ों नम आंखों ने दी दिवंगत रेणु सूद को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि

- लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शोक संदेश भेजकर सूद परिवार के साथ किया दुख साझा
- शहर की सभी राजनीतिक, सामाजिक प्रतिनिधियों ने की शिरकत







दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

हेमंत सूद की सास दिवंगत रेणु सूद का आकस्मिक निधन 25 जनवरी को हृदय गति रुकने के कारण हो गया था। उनका 25 नवंबर को मॉडल टाउन एक्सटेंशन स्थित शमशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया था। इस दौरान उनके नाती (दोहता) दामन सूद ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी थी। उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए श्री गरुड़ पुराण के पाठ का भोग, रस्म पगड़ी व श्रद्धांजलि सभा निरवाना रिजॉर्ट में संपन्न हुई। श्रद्धांजलि सभा में शहर की विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, व्यापारिक, धार्मिक संस्था के प्रतिनिधियों ने दिवंगत रेणु सूद को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि भेंट कर श्रद्धासुमन अर्पित की और शोक ग्रस्त परिवार के सदस्यों के साथ अपनी संवेदना प्रकट की। श्रद्धांजलि सभा में श्री गरुड़ पुराण जी के पाठ के भोग के समय प्रवचन के दौरान स्तन धर्म गुरु शास्त्री अजय वशिष्ठ ने कहा कि आत्मा अजर,अमर है। मृत्यु केवल शरीर की होती है जिस प्रकार मनुष्य कपड़े पुराने होने के बाद बदलता है उसी प्रकार आत्मा भी एक शरीर को छोड़ दूसरे शरीर में चली जाती है मनुष्य को चाहिये कि वो 84 लाख योनियों के बाद मिली इस मानव जीवन में सदैव अच्छे कर्म करे ताकि वो जन्म मृत्यु के इस इस चक्र से मुक्त हो सके। श्रद्धांजलि सभा के अंत में आरती के पश्चात स्वर्गीय रेणु सूद के दोहता दामन सूद को पंडित जी के द्वारा मंत्र उच्चारण कर पगड़ी बांध कर रस्म पगड़ी की रस्म अदा की गई। दिवंगत रेणु सूद शांत स्वभाव, सामाजिक, उच्च धार्मिक विचारों वाली सर्वगुणी प्रतिभा से संपूर्ण गृहणी थी और उनके उच्च व धार्मिक विचार हमेशा परिवार के लिए प्रेरणादायक रहे। परिवार में उनकी प्रेरणा के कारण आज उनके परिवार की धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक व औद्योगिक क्षेत्र में अलग पहचान है। दिवंगत रेणु सूद अपने पीछे पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनकी श्रद्धांजलि सभा में शहर के विभिन्न धार्मिक,सामाजिक,राजनीतिक औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने परिवार के साथ शोक व्यक्त कर उनके चित्र पर पुष्प चढ़ा अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। उनकी श्रद्धांजलि सभा में कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा, मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर, पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु, प्रदेश भाजपा उप प्रधान जतिंदर मित्तल, सतीश गुप्ता, सन्नी भल्ला, काका मछुवारा, एडवोकेट संजीव सूद बांका, संवेदना ट्रस्ट से जजप्रीत, पार्षद पति मुनीश गुप्ता, जॉइंट कमिश्नर जगदेव सेंखो, राजेश शर्मा बॉबी, विपण सूद काका, राजेश ढांडा, नायिर, बिट्टू इंद्रजीत सिंह इंदी, मनजिंदर सिंह घुम्मन, सुनील कपूर, रोहित पुनियानी, अरविन्एकद जैन, कमल सतीजा, एच एस भुल्लर, दर्शन लाल बवेजा, संजीव सचदेवा शेरू, जनपथ वाले महेश गोयल, संवेदना ट्रस्ट सुभाष गुप्ता, कमल जेटली,विजय दादू,शरणजीत ढिल्लो, हरकेश मित्तल, जतिंदर



मित्तल, कांग्रेस नेता पवन दीवान, इंद्रजीत टोनी, नीरज बिरला, तनवीर थालीबल, मोनू जयरथ, सतीश मल्होत्रा सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित जनसमूह ने श्रद्धा के पुष्प अर्पित किये और शोक ग्रस्त परिवार के साथ अपनी स्वेदना व्यक्त की।





गणतंत्र दिवस पर डॉ दिनेश गुप्ता गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एम डी मेडिसिन डी एम गैस्ट्रो ओर लीवर स्पेशलिस्ट को समाज की बेहतरीन सेवा के लिए जिला अवार्ड से सम्मानित करते हुए कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह, विधायक राकेश प्रशाद पप्पी, इंद्रजीत कौर मेयर लुधियाना, हिमांशु जैन डिप्टी कमिश्नर लुधियाना। फोटो लक्की भट्टी - समर न्यूज़

## गणतंत्र दिवस पर भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर दुगरी स्थित जिला भाजपा कार्यालय में समारोह आयोजित किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष रजनीश धीमान ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री अनिल सरीन, उपाध्यक्ष जतिंदर मित्तल, सचिव रेणु थापर, कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।ध्वजारोहण के बाद संबोधन में रजनीश धीमान ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ, जिसने देश को एक सशक्त लोकतांत्रिक पहचान दी। उन्होंने कहा कि संविधान केवल



भाजपा लुधियाना जिला कार्यालय पर ध्वजा रोहण करते भाजपा नेता अनिल सरीन,जतिंदर मित्तल रजनीश धीमान व अन्य। -समर न्यूज़

एक दस्तावेज नहीं, बल्कि शासन व्यवस्था, कानून का राज और नागरिकों के अधिकारों व कर्तव्यों की आधारशिला है। संविधान का पालन करना ही उसका सच्चा सम्मान है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा संविधान के अनुरूप शासन और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की नीति अपनाई है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार लुधियाना के सभी विधानसभा हल्कों में भी गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किए गए। समारोह में पूर्व जिला अध्यक्ष परवीन बंसल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिनेश सरपाल, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष लीना टपारिया सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, मोर्चा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिला तस्कर हेरोइन सहित गिरफ्तार

समर न्यूज़ | लुधियाना

थाना सलेम टाबरी के अंतर्गत एलडीको एस्टेट पुलिस चौकी की टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक महिला तस्कर को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चार ग्राम हेरोइन बरामद की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए चौकी इंचार्ज जिंदर लाल सिद्धू ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान गगनदीप कॉलोनी इलाके में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को एक महिला पर शक हुआ और उसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान महिला के कब्जे से चार ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके बाद पुलिस



ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार महिला की पहचान सोनिया पत्नी रोहित, निवासी गगनदीप कॉलोनी के रूप में हुई है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला के खिलाफ थाना सलेम टाबरी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार बुधवार को आरोपी महिला को अदालत में पेश किया जाएगा, जहां से उसका पुलिस रिमांड मांगा जाएगा ताकि उससे आगे की पूछताछ की जा सके। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान नशा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क के बारे में अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं। आने वाले दिनों में पुलिस मामले से जुड़े और खुलासे कर सकती है।

## विधायक भोला ने विभिन्न वार्डों में किया ध्वजारोहण



दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

विधानसभा ईस्ट के विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हलके के विभिन्न वार्डों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में चल रही सरकार संविधान की मूल भावना के अनुरूप कार्य कर रही है। यह संविधान भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित किया गया, जिसे 26 जनवरी 1950 को पूरे देश में लागू किया गया था।

एमएलए ग्रेवाल भोला ने कहा कि आज देशवासियों को जो भी अधिकार प्राप्त हैं, वे संविधान की देन हैं। बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान की बदौलत ही देश के प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार सहित समानता, स्वतंत्रता और न्याय के अधिकार मिले हैं। उन्होंने कहा कि पूरा देश सदैव बाबा साहेब के योगदान का ऋणी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान एमएलए दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने विभिन्न वार्डों में झंडा फहराकर उपस्थित नागरिकों को 26 जनवरी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर चेयरमैन विजय दानव, पार्षद अश्वनी शर्मा गोभी, पार्षद सुखमेल सिंह ग्रेवाल, भारत भूषण मिट्ठू, राणा, राजवीर सिंह, भूषण शर्मा, दिनेश शर्मा, सुनील खैरवाल, दर्शन चावला, शुभम लाहौरिया, जसप्रीत मिट्ठू, पार्षद अमरजीत सिंह, राधा मल्होत्रा, पार्षद लकी चौधरी, सुरजीत सिंह ठेकेदार, जतिंदर सिंह सोढ़ी, बैंक मैनेजर दलविंदर सिंह, अमरीक सिंह सैनी, आम आदमी पार्टी नेता बाज सिंह सिद्धू, जगपाल सिंह लाली, वार्ड पार्षद, पार्टी कार्यकर्ता, नेता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

## श्री बालाजी मंदिर में मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस



लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर,जोशी नगर, शंकराचार्य नगर हैबोवाल कलां मंदिर परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया ।समारोह का आयोजन प्रधान अमन जैन,चेयरमैन ऋषि जैन व् उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में किया गया। मंदिर के आचार्यों द्वारा विधिविधान के साथ पूजा अर्चना की उपरन्त प्रधान अमन जैन ,चेयरमैन ऋषि जैन , उप्रधान अनुज मदान ,सैक्ट्री सौरव जैन व कमेटी सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया व राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा आये सभी भक्तों को लड्डु बांटे गये।पूरे मंदिर परिसर में तिरंगे झंडे लगाए गये।प्रधान अमन जैन ,चेयरमैन ऋषि जैन , उप्रधान अनुज मदान ने इस अवसर पर कहा कि हम सनातन धर्म के साथ साथ देश भक्ति के प्रति सदैव वचनबद्ध रहेंगे यह प्रेरणा हमें मंदिर के प्रधान प्रेरणा स्तोत्र स्व अशोक जैन से मिली है जिनके नेतृत्व में आज तक सभी त्यौहार व धार्मिक आयोजन श्रद्धा भावना के साथ मनाये जाते रहे है ओर इस श्रंखला को हम सदैव जारी रखेंगे।

## जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) ने गणतंत्र दिवस मनाया

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) लुधियाना की ओर से 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर टिब्बा रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के कार्यालय में पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय तलवाड़ ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय तलवाड़ ने कहा कि आज देश जिस संविधान के अनुसार संचालित हो रहा है, उसका निर्माण भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में किया गया था। उन्होंने बताया कि संविधान निर्माण के लिए गठित 308 सदस्यों की समिति ने कई सुधारों और संशोधनों के बाद 24 जनवरी 1950 को संविधान की दो हस्तलिखित प्रतियों पर हस्ताक्षर किए थे। इसके दो दिन बाद, 26 जनवरी 1950 को संविधान को देश में लागू किया गया। संजय तलवाड़ ने



कांग्रेस कार्यालय के बाहर तिरंगा झंडा फहराते पूर्व विधायक संजय तलवाड़ व उपस्थित नेतागण। -समर न्यूज़

कहा कि संविधान लागू होने के साथ ही अंग्रेज़ों के समय का Government of India Act (1935) समाप्त कर भारत के संविधान को देश का सर्वोच्च शासी दस्तावेज बनाया गया।

## भाजपा मंडल ने 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

### विधानसभा पूर्वी में जतिन्द्र मितल ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए भाजपा नेता। -समर न्यूज़

समर न्यूज़ | लुधियाना

जिला भाजपा विधानसभा पूर्वी में गणतंत्र दिवस स्थानीय चंडीगढ़ रोड स्थित भाजपा फोकल प्वाइंट मंडल में मनाया गया। पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष जतिन्द्र मितल ने बतौर मुख्यतिथि शामिल होकर राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर सलामी दी। जिला भाजपाध्यक्ष रजनीश धीमान विशेष तौर पर उपस्थित रहे। जतिन्द्र मितल ने उपस्थित जनसमूह को 77वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते कहा राष्ट्रीय ध्वज तिंरगा भारत का गौरव है। तिरंगे के तीन रंगो में केसरियां रंग कुर्बानी, सफेद रंग अमन शांति व हरा रंग हरियाली का प्रतीक है। उन्होने मां भारती के चरणों में नमन करते हुए कहा हजारों कुर्बानियां करके हासिल हुए भारतीय संविधान का सम्मान बरकरार रखना हम सब का दायित्व है। गणतंत्र दिवस के महत्व पर रोशनी डालते हुए मितल ने कहा संविधान के आदर्शो ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रजनीश धीमान, नवल जैन,डा.निर्मल नैय्यर, लक्की शर्मा, सुखदेव सिंह गिल, लीना टपारिया, सुखजीव बेदी,धमिन्द्र शर्मा, साबिर हुसैन, वरिन्द्र सहगल, डोली गोसाईं, विपन विनायक, अनिल मित्तल जसदेव तिवारी,सुरेश मिगलानी,राजेश सहगल, रोमी मल्हौत्रा, रवि चौरसिया,अमित राय, प्रमोद कुमार, हरबंस सिंह सलूजा, अंकुर वर्मा, विनोद राणा, सुरेश अग्रवाल, जतिन्द्र गोरियन, पार्षद अनिल भारद्धाज, पिंकू शर्मा, विक्की राणा, ललन मिश्रा, मुन्ना बाबा,संगीता दुबे, प्रवीण चोपड़ा, एडवोकेट लवप्रीत हीर,सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**गणतंत्र दिवस**

### लुधियाना पंजाब की इकॉनमी की रीढ़ है : कैबिनेट मिनिस्टर हरभजन सिंह

## 77वां गणतंत्र दिवस कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ ने फहराया तिरंगा

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़




कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ गणतंत्र दिवस पर जनता को को संबोधित करते हुए। -समर न्यूज़

लुधियाना में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंजाब के लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू) के खेल मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन और पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा भी मौजूद रहे।

अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार की पिछले चार वर्षों की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि सरकार पंजाब को खुशहाल बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लुधियाना न केवल शहीद सुखदेव थापर और करतार सिंह सराभा जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों की धरती है, बल्कि यह पंजाब की अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। उन्होंने बताया कि लुधियाना ने देश की कृषि और औद्योगिक प्रगति में अहम भूमिका निभाई है। सरकार ने पहली बार "सरकार–उद्योगपति मिलनी" के माध्यम से उद्योगपतियों से संवाद किया और नीतियों में सुधार किए। उन्होंने जानकारी दी कि टाटा कंपनी का देश का दूसरा सबसे बड़ा स्टील प्लांट लुधियाना में बनना शुरू हो गया है।

स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि "मुख्यमंत्री सेहत योजना" के तहत हर परिवार को सालाना 10 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। वहीं, महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा जारी है। नशे के खिलाफ अभियान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि "युद्ध नशों के विरुद्ध" मुहिम के तहत अब तक 45 हजार से अधिक नशा तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। इसके साथ ही गैंगस्टरों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई जारी है।

कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों और विशेष जरूरतों वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 25 स्कूलों के 810 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाले स्कूलों के लिए 27 जनवरी को अवकाश घोषित किया। कार्यक्रम में विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 143